तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 29 सितंबर 2026

वित्त मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरा कर लिया जायजा

खबर संक्षेप

विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मिला मंच

रायगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड स्तर पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न संकुलों से चयनित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ विषयों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने का अवसर मिला। इसी क्रम में रायगढ़ विकासखंड की विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन नटवर स्कूलए रायगढ़ में किया गया।

कोतमरा में 11 लीटर से ज्यादा महुआ शराब जब्त

रायगढ़। पुसौर पुलिस ने ग्राम कोतमरा में दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कुल 11 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की है। दोनों मामलों में आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महानदी के तटीय क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और पेट्रोलिंग की जा रही थी। इसी दौरान थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक हर्षवर्धन को कोतमरा क्षेत्र में अवैध महुआ शराब की बिक्री की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। पहली कार्रवाई अडानी रेलवे ओवरब्रिज, कोतमरा के पास की गई। यहां पुलिस ने मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर सफेद प्लास्टिक थैला लेकर जा रहे एक व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में उसकी पहचान गुलशन कुमार यादव निवासी कोतमरा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से प्लास्टिक बोतलों में 5.500 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने शराब बिक्री के लिए रखना स्वीकार किया। इसके बाद गवाहों की मौजूदगी में शराब जब्त कर कार्रवाई की गई। इसी क्रम में पुलिस ने कोतमरा में ही लाल-सफेद प्लास्टिक थैले के साथ एक अन्य व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम पुनीलाल निषाद निवासी कोतमरा बताया। उसके कब्जे से 180 एमएल के 31 पाउच, जिनमें कुल 5.580 लीटर महुआ शराब थी, बरामद की गई।

रैंप से लेकर ब्रेल साइनेज तक अधूरे, बैटरी वाहन भी कबाड़ में

डेडलाइन पर डेडलाइन बढ़ी, फिर भी कई काम अधूरे, कैसे बनेगा स्टेशन दिव्यांग मित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशनों पर दिव्यांगजनों और कम गतिशीलता वाले वरिष्ठ नागरिकों की आवाजाही आसान बनाने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल ने 27 स्टेशनों पर सुगम्यता सुविधाएं विकसित करने के लिए 1 करोड़ 73 लाख 41 हजार 679 रुपए की स्वीकृति दी है। योजना में छोटे और हॉल्ट स्टेशनों को भी दिव्यांग यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनाने का प्रावधान है। हालांकि, रायगढ़ रेलखंड में सुविधाओं की स्थिति को देखें तो घोषणा और जमीनी हकीकत के बीच अभी भी बड़ा अंतर नजर आता है।

बिलासपुर मंडल के चयनित स्टेशनों में खरसिया, रॉबर्ट्सन, भूपदेवपुर, किरोड़ीमल नगर, रायगढ़, कोतरलिया, जामगा, दाघोरा, हिमगिरी, बेलपहाड़, ब्रजराजनगर और ईब जैसे स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों पर रैंप, व्हीलचेयर, सुलभ शौचालय, ब्रेल लिपि के साइनेज, कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर समेत अन्य सुविधाएं विकसित करने की योजना है। बड़े स्टेशनों पर बैटरी चालित वाहन और यात्रियों की सहायता के लिए प्रशिक्षित स्टाफ की व्यवस्था भी प्रस्तावित है, लेकिन रायगढ़ स्टेशन पर दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए पहले से मौजूद व्यवस्थाओं की स्थिति ही रेलवे की तैयारियों पर सवाल खड़े करती है। कोरोना काल से पहले स्टेशन पर यात्रियों की सहायता के लिए बैटरी व्हीकल की सुविधा हुआ करती थी। कोरोना काल के समय यह व्यवस्था प्रभावित हुई और बैटरी वाहन खराब होकर अब कबाड़ में पड़े हैं। ऐसे में बुजुर्ग, दिव्यांग और कम गतिशीलता वाले यात्रियों को प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

रायगढ़ स्टेशन पर रैंप निर्माण का काम भी अधूरा है। वहीं, लिफ्ट उपलब्ध होने के बावजूद तकनीकी खामियों के कारण कई बार बंद हो जाने की शिकायत सामने आती रही है। इससे उन यात्रियों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं, जिनके लिए सीढ़ियों का इस्तेमाल करना आसान नहीं होता। दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए ब्रेल लिपि में दिशा-सूचक साइनेज भी अभी तक पूरी तरह विकसित नहीं हो सके हैं। जबकि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर रेलवे के आला अधिकारी कई बार निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार को समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दे चुके हैं। इसके बावजूद काम की रफ्तार और पूर्णता को लेकर सवाल बने हुए हैं। एक तरफ रेलवे छोटे से छोटे स्टेशन को दिव्यांग मित्र बनाने की दिशा में करोड़ों रुपए खर्च करने की तैयारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर रायगढ़ जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन पर रैंप, ब्रेल साइनेज और बैटरी व्हीकल जैसी मूलभूत सुविधाएं अब भी गायब हैं।

6 प्रमुख सुविधाएं हर स्टेशन पर होंगी अनिवार्य

- **रैंप व लिफ्ट:** प्लेटफॉर्म और ओवरब्रिज तक पहुंचने के लिए रैंप व लिफ्ट की व्यवस्था।
- **ब्रेल लिपि साइनेज:** दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए ब्रेल लिपि में लिखे दिशा-सूचक बोर्ड।
- **लो-हाइट काउंटर:** व्हीलचेयर पर बैठे यात्रियों के लिए कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर।
- **दिव्यांग टॉयलेट:** आधुनिक और सुगम शौचालयों का निर्माण।
- **व्हीलचेयर:** हर वक्त व्हीलचेयर की उपलब्धता।
- **बैटरी व्हीकल:** बड़े स्टेशनों पर बैटरी चालित वाहन और मदद के लिए प्रशिक्षित स्टाफ ।

लगातार बढ़ती गई काम पूरा करने की समय सीमा

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायगढ़ स्टेशन के कार्यों को शुरुआत में दिसंबर 2024 तक पूरा किया जाना था। इसके बाद समय सीमा बढ़ाकर मार्च 2025 और फिर अक्टूबर 2025 की गई। बाद में मार्च 2026 तक कार्य पूरा करने की डेडलाइन निर्धारित की गई। इस निर्धारित समयावधि में काम पूरा नहीं होने पर फिर से इसकी डेड लाइन बधाई गई है। इस तरह लगातार डेड लाइन बढ़ा कर रेलवे के आलाधिकारी ठेकेदार को अभयदान दे रहे हैं। बार-बार डेडलाइन बढ़ने से यात्रियों को सुविधाओं का इंतजार ही करना पड़ रहा है।

चोरी की स्कूटी बेचने ग्राहक तलाश रहा युवक गिरफ्तार

रायगढ़। घरघोड़ा पुलिस ने करीब छह महीने पहले चोरी हुई स्कूटी के मामले का खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी चोरी की स्कूटी को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा और उसके कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद की। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा के वार्ड क्रमांक 10 निवासी विजया पंडा बीते 3 अप्रैल की शाम करीब 7:45 बजे अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 13 एआर 0852 से हाईस्कूल ग्राउंड में वॉकिंग के लिए गई थीं। उन्होंने स्कूटी वार्ड क्रमांक 8 स्थित टीचर कॉलोनी के पास खड़ी की थी। कुछ देर बाद वापस लौटने पर स्कूटी वहां नहीं मिली। काफी तलाश के बाद भी जब स्कूटी का पता नहीं चला तो उन्होंने 4 अप्रैल को घरघोड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज करते हुए जांच शुरू की। चोरी गई स्कूटी की तलाश के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू ने मुखबिरों को सक्रिय किया था। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बैहामुड़ा बोरपारा निवासी नवीन मिश्रा चोरी की स्कूटी बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है।

चार साल सेवा के बाद हटाए गए आईसीटी प्रशिक्षकों ने मांगी पुनर्बहाली, कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा और तकनीकी सहयोग देने वाले आईसीटी प्रशिक्षकों एवं डीजी मित्रों ने अपनी सेवाओं की पुनर्बहाली की मांग को लेकर कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रशिक्षकों ने अपने चार वर्षों के अनुभव और सेवाओं को ध्यान में रखते हुए दोबारा काम का अवसर देने की मांग की है। इस संबंध में आईसीटी प्रशिक्षकों ने बताया कि वे संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के साथ कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल सामग्री, ऑनलाइन कार्य और तकनीकी सहयोग जैसे महत्वपूर्ण कार्य करते रहे हैं। उनका कहना है कि विभाग और विद्यालयों की आवश्यकता के अनुसार उन्होंने लंबे समय तक पूरी मेहनत और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। प्रशिक्षकों ने आवेदन में कहा है कि वर्षों तक सेवा देने के बाद यदि उन्हें कार्य से अलग कर दिया जाता है तो उनके सामने रोजगार और परिवार के भविष्य को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो जाता है। उन्होंने अपनी सेवाओं और अनुभव को देखते हुए पुनर्बहाली की मांग की है। आवेदन में आईसीटी प्रशिक्षकों और डीजी मित्रों ने पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें आईसीटी प्रशिक्षक/डीजी मित्रों की पुनर्बहाली, समग्र शिक्षा अभियान में उचित रूप से समायोजन, पूर्व पदों पर दी गई सेवाओं एवं अनुभव का लाभ, भविष्य में सेवा की स्थिरता एवं रोजगार सुरक्षा तथा प्रशिक्षकों के अनुभव का उपयोग प्रदेश की डिजिटल शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में किए जाने की मांग शामिल है। प्रशिक्षकों ने कहा कि उन्होंने करीब चार वर्षों तक सेवा दी है और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें पुनः सेवा का अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र उचित निर्णय लेने का आग्रह किया है।

महीनों से लापता चार लोग, अब अपहरण की एफआईआर से बढ़ी पुलिस की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में अलग-अलग समय पर लापता हुए चार लोगों की तलाश अब नए कानूनी एंगल से आगे बढ़ेगी। महीनों पहले दर्ज हुई गुमशुदगी की शिकायतों में पुलिस ने अब अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर बंधक बनाए जाने की आशंका को आधार बनाकर धारा 140(3) के तहत अपराध दर्ज किया है। इससे इन मामलों की जांच का दायरा गुमशुदगी की पतासाजी से आगे बढ़कर संभावित अपहरण की दिशा में पहुंच गया है।

इन मामलों में सबसे पुराना मामला मधु कुमारी 23 वर्ष का है। रिपोर्ट के मुताबिक वह 13 फरवरी को बोईरदादर मालीडीपा स्थित घर से दोपहर करीब 2.30 बजे बिना बताए निकली थीं। पति ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चला। मधु मूल रूप से बिहार के छपरा जिले की रहने वाली हैं इसी तरह ज्वाला सिंह कुशवाहा 49 वर्ष 16 जून की शाम करीब 5 बजे बोईरदादर स्थित विपुल ट्रैक्टर कार्यालय से निकले थे। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचे। परिवार ने आसपास और रिश्तेदारों में तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। संजना राठिया 19 वर्ष भी 18 जून की रात बलभद्रपुर स्थित अपने घर से निकलने के बाद लापता हैं। परिजनों ने गांव, मोहल्ले और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन उनका सुराग नहीं मिला। चौथा मामला अनुराग 27 वर्ष का है, जो कौहाकुंडा स्थित बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांगों के आश्रय गृह में रहता था। संस्था के अनुसार वह 28 जुलाई की सुबह करीब 4.30 बजे आश्रय गृह से निकल गया। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। अनुराग के माता-पिता और स्थायी पते की जानकारी भी संस्था के पास उपलब्ध नहीं है। चारों मामलों में अब पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। पुलिस द्वारा जिले के थाना-चौकियों और डीसीबी शाखा को भी जानकारी भेजकर लापता लोगों की तलाश कराई जा रही है।

ट्रेन में महिला यात्री का पर्स उड़ाया, दो महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

टिटलागढ़ पैसेंजर में सफर कर रही महिला यात्री के बैग से पर्स चोरी करने के मामले का जीआरपी रायगढ़ ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया पर्स, चांदी के आभूषण, नकदी और दस्तावेज समेत करीब 27 हजार 450 रुपए का सामान बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, 26 सितंबर को ग्राम कलमी निवासी नीलम कंवर जांजगीर से टिटलागढ़ पैसेंजर ट्रेन में रायगढ़ आ रही थीं। किरोड़ीमलनगर रेलवे स्टेशन के बाद ट्रेन में भीड़ के बीच एक महिला उनके पास आकर खड़ी हो गई। इसी दौरान कथित रूप से भीड़ का फायदा उठाकर उनके पिट्ठू बैग से पर्स निकाल लिया गया। रायगढ़ स्टेशन पहुंचने के बाद महिला को पर्स चोरी होने की जानकारी हुई। पर्स में चांदी की पायल, चांदी के चूड़े, नकदी, आधार कार्ड और अन्य सामान रखा था। शिकायत के बाद जीआरपी थाना रायगढ़ में अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने रेलवे क्षेत्र और शहर में संदिग्धों की तलाश शुरू की। 27 सितंबर को रायगढ़ रेलवे स्टेशन यार्ड में दो संदिग्ध महिलाएं पुलिस के हत्थे चढ़ीं। पूछताछ में उनकी पहचान पिंकी देवी (31) और रागनी कुमार (19), निवासी डालमियानगर, जिला रोहतास, बिहार के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में दोनों ने टिटलागढ़ पैसेंजर में महिला यात्री का पर्स चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने नीले रंग का पर्स, दो जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी चांदी के चूड़े, 550 रुपए नकद, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए। बरामद सामान की कुल कीमत करीब 27 हजार 450 रुपए बताई गई है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेल रायपुर दिव्यांग पटेल के निर्देशन और उप पुलिस अधीक्षक रेल बिलासपुर तोबियस खाखा के मार्गदर्शन में की गई।

आज से वार्डवार लगेंगे सेवा सेतु शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर पालिक निगम रायगढ़ द्वारा शहरवासियों को शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं और निगम की विभिन्न सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए 'सेवा सेतु' अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक शहर के अलग-अलग स्थानों पर वार्डवार शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है।

अभियान का पहला शिविर 29 सितंबर को गोशालापारा सामुदायिक भवन में लगेगा। इसमें वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 14, 15, 39, 40, 43, 44 और 45 के नागरिक शामिल होंगे। इसके बाद 1 अक्टूबर को चांदमारी मंगल भवन में शिविर आयोजित होगा, जिसमें वार्ड 5 से 13 तथा वार्ड 46 के रहवासियों को सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसी तरह 6 अक्टूबर को विनोबा नगर सामुदायिक भवन में वार्ड क्रमांक 21 से 28 तथा 47 और 48 के नागरिकों के लिए शिविर लगाया जाएगा। 8 अक्टूबर को गांधी नगर सामुदायिक भवन में वार्ड क्रमांक 31 से 38 तथा 41 और 42 के नागरिकों को सेवाओं का लाभ मिलेगा।

अभियान का अंतिम शिविर 12 अक्टूबर को नगर निगम कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसमें वार्ड क्रमांक 16, 17, 18, 19, 20, 29 और 30 के नागरिक शामिल होंगे। शिविरों में नागरिकों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने तथा नगर निगम से जुड़ी सेवाओं और सुविधाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

खास बात

- जनकल्याणकारी योजनाओं और निगम की विभिन्न सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने 'सेवा सेतु' अभियान

एनजीओ से जुड़ा होने का दावा कर महिलाओं से जमा कराए पैसे, मशीन नहीं मिली तो खुला फर्जीवाड़ा

सिलाई मशीन दिलाने का झांसा, 92 महिलाओं से ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कोतरा रोड थाना क्षेत्र में महिलाओं को सिलाई मशीन दिलाने के नाम पर कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक महिला ने खुद को एनजीओ से जुड़ा बताकर सिलाई सेंटर में काम करने वाली महिलाओं को सरकारी योजना के तहत मशीन दिलाने का भरोसा दिलाया और अलग-अलग किश्तों में उनसे रकम जमा कराई।

करीब 92 महिलाओं से कुल 1.66 लाख रुपए लिए जाने की बात सामने आई है। लंबे समय तक मशीन नहीं मिलने और रकम वापस न होने के बाद महिलाओं ने पुलिस से शिकायत की।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार किरोड़ीमल नगर निवासी श्वेता साहू उच्चभिट्ठी रोड पर विश्वकर्मा फैब्रिकेशन के सामने आकृति सिलाई सेंटर चलाती हैं। उनके साथ करीब 91 अन्य महिलाएं भी काम करती हैं। शिकायत के मुताबिक, 10 दिसंबर 2025 को इशिता विश्वकर्मा नाम की महिला सिलाई सेंटर पहुंची। उसने खुद को लछनपुर, बाबा डेरा, जांजगीर-चांपा का निवासी बताते हुए एक एनजीओ से जुड़े होने का दावा किया। महिलाओं को बताया गया कि शासन की योजना के तहत उन्हें सिलाई मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए 550 रुपए फॉर्म फीस और 1 हजार 500 रुपए जमा करने की बात कही गई। महिला ने दावा किया कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद शासन की ओर से 15 हजार रुपए की सहायता राशि के साथ सिलाई मशीन दी जाएगी। उसकी बातों पर भरोसा करते हुए महिलाओं ने रकम जमा करना शुरू किया। शुरुआत में 260-260 रुपए नकद लिए गए। इसके बाद इशिता ने सिलाई सेंटर आना बंद कर दिया और ऑनलाइन भुगतान के लिए भवानी चॉइस सेंटर का मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया। शिकायत के अनुसार, एक समूह की करीब 45 महिलाओं से अलग-अलग किश्तों में लगभग 70 हजार रुपए ऑनलाइन जमा कराए गए। वहीं दूसरे समूह की करीब 47 महिलाओं से सुरुचि साहू ने लगभग 96 हजार रुपए एकत्र कर ऑनलाइन भुगतान किया। कुछ महिलाओं ने अपने स्तर पर भी रकम भेजी। इस तरह कुल करीब 1.66 लाख रुपए जमा होने की बात कही जा रही है।

दो महीने बाद शुरू हुआ टालमटोल का दौर

रकम जमा करने के करीब दो महीने बाद महिलाओं ने जब सिलाई मशीन के बारे में जानकारी मांगी तो कथित तौर पर उन्हें अलग-अलग कारण बताकर टाल दिया गया। कई महीने गुजरने के बाद भी मशीन नहीं मिली और जमा रकम भी वापस नहीं की गई। महिलाओं ने जब संबंधित महिला से उसके एनजीओ और योजना से जुड़े दस्तावेजों की जानकारी मांगी तो उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं मिला। इसी दौरान महिलाओं के हाथ लगे आधार कार्ड में नाम ईशु घसिया दर्ज होने की बात सामने आई, जिसके बाद उन्हें पूरे मामले पर संदेह हुआ। इसके बाद श्वेता साहू ने अन्य महिलाओं के साथ मिलकर कोतरा रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित महिला के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में रकम के लेन-देन, कथित एनजीओ और सरकारी योजना के नाम पर किए गए दावों समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

पीएम आवास की किस्त लेकर भी नहीं बनाया घर, 222 हितग्राहियों से होगी वसूली

रायगढ़। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 के तहत सरकारी किस्त की राशि मिलने के बाद भी आवास निर्माण में रुचि नहीं लेने वाले हितग्राहियों पर नगर निगम प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है।

निगम के अनुसार शहर में ऐसे 222 हितग्राही हैं, जिन्होंने राशि प्राप्त करने के बावजूद आवास निर्माण का काम आगे नहीं बढ़ाया है। अब इन हितग्राहियों को 30 सितंबर 2026 तक निर्माण पूरा करने का मौका दिया गया है। इसके बाद नियमानुसार शासकीय राशि की वसूली सहित वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। निगम की समीक्षा में सामने आया है कि 222 लंबित आवासों में 59 हितग्राहियों के आवास फाउंडेशन स्तर पर, जबकि 141 आवास लिंटल स्तर पर अटके हुए हैं। वहीं 22 आवास रूफ यानी छत के स्तर तक पहुंचने के बाद भी अधूरे हैं। निर्माण की धीमी गति को देखते हुए निगम की टीम संबंधित हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें आवास निर्माण जल्द पूरा करने की समझाइश दे रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के तहत लंबित आवासों को पूरा करने के लिए कल तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है। निगम प्रशासन के अनुसार इसके बाद योजना के तहत फंड जारी नहीं किया जाएगा। ऐसे में जिन हितग्राहियों ने अब तक निर्माण शुरू नहीं किया है या मकान अधूरा छोड़ रखा है, उन्हें तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करना होगा। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने अधिकारियों को योजना के लंबित और अपूर्ण आवासों की स्थलवार समीक्षा करने तथा निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

खबर संक्षेप

राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सरगुजा ज़ोन ने जीता गोल्ड

जशपुरनगर। 26वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन राजनांदगांव में किया गया। इस प्रतियोगिता में सरगुजा ज़ोन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और बस्तर ज़ोन जैसी मजबूत टीमों को हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। सरगुजा ज़ोन की इस ऐतिहासिक जीत में झुम्मुर तिरकी, तुलसिका भगत, जिज्ञासा कुजूर, रितु भगत, वर्षा बाई (इचकेला-जशपुर), अंसिका राज आर्यन (अंबिकापुर), मीनाक्षी यादव (कोटबा) सहित अन्य खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि सरगुजा अंडर-19 गर्ल्स क्रिकेट टीम ने लगातार दूसरी बार गोल्ड मेडल जीतकर अपना दबदबा कायम रखा है। टीम के 16 खिलाड़ियों में से 10 खिलाड़ी इचकेला हॉस्टल के हैं। इस जीत पर सरगुजा टीम के जीएम इशाक तिरके ने सभी खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। टीम की इस सफलता में कोच एवं मैनेजर प्रांशु प्रिया, शोभित दास गुप्ता और संतोष कुमार का योगदान रहा।

कुनकुरी में दो विकासकार्यों की मिली स्वीकृति

जशपुरनगर। कुनकुरी नगर के विकास को गति देते हुए दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए कुल 1 करोड़ 1 लाख 64 हजार रुपये की अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्राम कलिबा में नवनिर्मित कलिबेश्वर महादेव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान इन दोनों विकास कार्यों की घोषणा की थी। घोषणा के बाद अब दोनों कार्यों के लिए अंतिम स्वीकृति मिलने से इनके निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। स्वीकृत कार्यों में वार्ड क्रमांक 06 स्थित हनुमान टेकड़ी के पास सूर्य नमस्कार चौक का निर्माण प्रमुख है। इसके निर्माण के लिए 76.81 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। सूर्य नमस्कार चौक के विकसित होने से नगर को एक आकर्षक एवं व्यवस्थित सार्वजनिक स्थल मिलेगा। यह स्थल नगर की पहचान को नया स्वरूप देने के साथ ही नागरिकों के लिए उपयोगी स्थान के रूप में विकसित होगा। इसी वार्ड में हनुमान टेकड़ी के पास सामुदायिक भवन का भी निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 24.83 लाख रुपये की अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई है।

जिले में 1 जून से अब तक 8618.7 मिमी वर्षा दर्ज

जशपुरनगर। जिले में 01 जून से अब तक 8618.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसी अवधि में पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा 10630.3 मिमी रही है। बीते दिवस जिले में औसतन 0.1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 791.7 मिमी, मनोरा में 1348.7 मिमी, कुनकुरी में 1173.2 मिमी, दुलदुला में 691.4 मिमी, फरसाबहार में 405.7 मिमी, बगीचा में 877.5 मिमी, कांसाबेल में 901.0 मिमी, पत्थलगांव में 750.3 मिमी, सन्ना में 1046.1 मिमी एवं बागबहार में 633.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा मनोरा में हुई है।

बंदरचूआ व दुलदुला में बन रहे अत्याधुनिक बस स्टैंड

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए जिले के बंदरचूआ एवं दुलदुला में अत्याधुनिक बस स्टैंड का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। बस स्टैंड के निर्माण के लिए दोनों स्थानों पर एक-एक करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के यात्रियों को आधुनिक एवं सुविधाजनक यात्री प्रतीक्षालय सहित बेहतर बस स्टैंड की सुविधा उपलब्ध होगी।नए बस स्टैंड के निर्माण से यात्रियों को बसों के इंतजार के लिए व्यवस्थित स्थान मिलेगा। साथ ही बसों के आवागमन, ठहराव एवं संचालन के लिए निर्धारित व्यवस्था विकसित होने से क्षेत्र की परिवहन व्यवस्था को भी बेहतर और सुगम बनाने में मदद मिलेगी। इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी।

पर्यटन के नक्शे पर बजा जशपुर का डंका

ट्रिप्पी हिल्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ एडवेंचर टूरिज्म अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया सम्मानित

विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर जशपुर के पर्यटन और एडवेंचर का डंका पूरे प्रदेश में गूंज उठा 27 सितंबर को रायपुर के निजी होटल में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में जशपुर की संस्था ट्रिप्पी हिल्स को छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ एडवेंचर टूरिज्म अवॉर्ड 2026 देकर नवाजा गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड और छत्तीसगढ़ ट्रेवल ट्रेड एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वालों को सम्मानित किया गया, जहां ट्रिप्पी हिल्स ने पूरे राज्य में जिले का नाम रोशन किया। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने मेहनत की सराहना की और कहा कि जशपुर जैसे खूबसूरत अंचल में युवाओं द्वारा एडवेंचर टूरिज्म को इस स्तर पर ले जाना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। अवॉर्ड प्राप्त करने के बाद फाउंडर एंड डायरेक्टर सौरभ सिंह ने कहा जब हमने शुरुआत की थी, तब चुनौतियां बहुत थीं, लेकिन हमारा सपना एकदम साफ था कि जशपुर की कुदरती खूबसूरती को पूरी दुनिया के सामने लाना है। संस्था के को-फाउंडर एंड मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर पर्यटन मंत्री जी के कर-कमलों से मिला यह राज्यस्तरीय सम्मान हमारे 7 वर्षों के संघर्ष, समर्पण और जमीनी काम की जीत है। यह सिर्फ ट्रिप्पी हिल्स का अवॉर्ड नहीं है, बल्कि जशपुर के उन तमाम ग्रामीण साथियों, लोकल गाइड्स और होमस्टे संचालकों का सम्मान है जो हर कदम पर हमारे साथ खड़े रहे।

सीएम साय का विजन सबसे बड़ी ताकत

इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की स्थानीय युवाओं को संबल देने और जशपुर को राष्ट्रीय पर्यटन का केंद्र बनाने की दूरदर्शी सोच का सबसे अहम योगदान है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ का पर्यटन विभाग अब नए विजन के साथ काम कर रहा है। जैसी समर्पित संस्थाओं को खुलकर मंच और अवसर मिल रहा है। यह अवॉर्ड इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि जब सरकार का मजबूत विजन और स्थानीय युवाओं की लगन मिलती है, तो सुदूर अंचल की प्रतिभाएं पूरे प्रदेश में सिरमौर बनकर उभरती हैं। इस गौरवपूर्ण मौके पर ट्रिप्पी हिल्स के नेतृत्व ने इस सम्मान का श्रेय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, जिला प्रशासन और जशपुर की जनता को समर्पित किया।

ग्राउंड पर किए बेमिसाल काम

साल 2019 से लगातार सक्रिय ट्रिप्पी हिल्स (**Trippy Hills**) ने जशपुर को देश के पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए कई बड़े और ऐतिहासिक काम किए हैं। जिले के अनछुए वॉटरफॉल्स, प्राचीन गुफाओं, जंगलों और ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं को खोजकर उन्हें सुरक्षित एडवेंचर ट्रेल्स में तब्दील किया। रोमांचक गतिविधियां और स्पोर्ट्स ट्रेकिंग, रॉक क्लाइंबिंग, केव एक्सप्लोरेशन, वाटर एक्टिविटीज और सुरक्षित नाइट कैंपिंग जैसे एडवेंचर अनुभवों की शुरुआत कर पर्यटकों को जशपुर की ओर आकर्षित किया। सुदूर ग्रामीण इलाकों के युवाओं को पेशेवर गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया और स्थानीय होमस्टे व पारंपरिक खान-पान को सीधे पर्यटकों से जोड़कर स्वरोजगार के नए अवसर पैदा किए।

रचा जशपुर जंबोरी का इतिहास

ट्रिप्पी हिल्स का सबसे बड़ा प्रभाव जिला प्रशासन के साथ मिलकर किए गए बड़े आयोजनों में दिखता है। संस्था ने जिला प्रशासन जशपुर के मार्गदर्शन और मजबूत सहयोग से 'जशपुर जंबोरी' जैसे विशाल एडवेंचर फेस्टिवल की नींव रखी और उसे सफलता के मुकाम तक पहुंचाया। इस ऐतिहासिक आयोजन ने देशभर के एडवेंचर लवर्स को जशपुर खींचकर यह साबित कर दिया कि यह जिला पर्यटन के क्षेत्र में किसी भी हिल स्टेशन से कम नहीं है।

एनटीपीसी लारा में राज्य स्तरीय लैक्रोस चैंपियनशिप का शुभारंभ

लारा। खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एनटीपीसी लारा द्वारा अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत चौथी एनटीपीसी राज्य स्तरीय लैक्रोस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ एनटीपीसी लारा टाउनशिप स्थित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

- लारा का मैदान बना उभरते खिलाड़ियों का होम ग्राउंड

कार्यक्रम में सुभाष ठाकुर, परियोजना प्रमुख ;एनटीपीसी लारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्रीमती रेखा ठाकुर, अध्यक्ष, प्रगति महिला समिति ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर एनटीपीसी लारा के वरिष्ठ अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। लैक्रोस जैसे अपेक्षाकृत नए खेल को क्षेत्र के युवाओं तक पहुंचाने और

खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास एवं प्रतियोगिता का मंच उपलब्ध कराने में एनटीपीसी लारा का मैदान खिलाड़ियों के लिए होम ग्राउंड के रूप में पहचान बना रहा है। यहां उपलब्ध खेल सुविधाएं खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी में सहयोग प्रदान कर रही हैं।

एनटीपीसी लारा के माध्यम से खिलाड़ियों को आवश्यक सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। इसका उद्देश्य केवल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना ही नहीं, बल्कि ग्रामीण एवं स्थानीय क्षेत्र की प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए आवश्यक अवसर उपलब्ध कराना है। राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में विभिन्न स्थानों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता ने खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ साथ अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व और खेल भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया। एनटीपीसी लारा की यह पहल खेलों के माध्यम से युवाओं के समग्र विकास एवं प्रतिभा संवर्धन और सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। स्थानीय प्रतिभाओं को उपलब्ध मंच और सुविधाएं उन्हें राज्यए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

तीन बेटियों ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

लैक्रोस के क्षेत्र में स्थानीय प्रतिभाओं की उपलब्धियां भी प्रेरणादायी हैं। महोई क्षेत्र की तीन बेटियां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल कर चुकी हैं। सीमित संसाधनों के बीच अपनी प्रतिभा को निखारते हुए इन खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच बनाई है। इनके सफर में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खेल सुविधाओं और निरंतर अभ्यास का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसी प्रकार शिवम गवेल ने भी लैक्रोस में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्थानीय खिलाड़ियों के लिए एनटीपीसी लारा का खेल मैदान नियमित अभ्यास और प्रतियोगिताओं की तैयारी का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है।

महानदी में बढ़े जलस्तर से तटीय गांव प्रभावित किसानों को फसल के नुकसान होने की चिंता

पुसौर। महानदी के तटीय इलाकों में बढ़े जलस्तर से पुसौर क्षेत्र के कई गांव प्रभावित हुए हैं। खेतों में पानी भरने से किसानों को धान की फसल के नुकसान की चिंता सताने लगी है। किसानों का कहना है कि इस क्षेत्र में हर वर्ष बाढ़ की स्थिति बनती है, इसलिए इसके स्थायी समाधान के लिए नदी के जल प्रवाह, गाद और तटवर्ती क्षेत्रों की स्थिति का अध्ययन कर ठोस उपाय किए जाने की जरूरत है।

- पुसौर के किसानों का फूटा गुस्सा, मुआवजें की कर रहे मांग

स्थानीय किसानों के अनुसार इस बार भी महानदी का पानी आसपास के खेतों में पहुंचा है। नावापारा-ब, सिंगपुरी, चंघोरी, जिलाडी, सिलाडी, बारडोली, खपरापाली, पड़िगांव, सूरजगढ़, नुआपाली, टिनमिनी, ककईमुहान और छोटे हल्दी सहित कई गांवों में बाढ़ का असर बताया जा रहा है। किसानों का कहना है कि धान की फसल में दाना बनने के समय खेतों में पानी लंबे समय तक जमा रहने से उत्पादन प्रभावित हो सकता है। नावापारा-ब के पूर्व सरपंच धर्मदेव प्रधान ने महानदी के रखरखाव और बाढ़ की समस्या को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि नदी से बालू के दोहन और विभिन्न परियोजनाओं के लिए पानी के उपयोग के साथ नदी के जल प्रवाह और गाद की समस्या पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने नदी की सफाई और जल वहन क्षमता बढ़ाने के लिए दीर्घकालीन योजना बनाने की मांग की है। प्रधान का यह भी कहना है कि चंद्रपुर से हीराकुंड के बीच नदी में गाद और रेत जमा होने से जल प्रवाह प्रभावित हो सकता है। उन्होंने हीराकुंड और कलमा बैराज से जुड़े जल प्रबंधन को भी तटीय क्षेत्र की स्थिति के संदर्भ में देखने की मांग की है। हालांकि, बाढ़ के कारणों और नदी की जल वहन क्षमता पर विस्तृत तकनीकी निष्कर्ष के लिए संबंधित विभागों के आधिकारिक आंकड़े और विशेषज्ञ अध्ययन महत्वपूर्ण होंगे। स्थानीय स्तर पर इस बार बाढ़ की स्थिति को लेकर यह बात कही जा रही है कि क्षेत्र में बारिश के अलावा ऊपरी जलाशयों से छोड़े गए पानी और हीराकुंड में जल प्रबंधन का भी प्रभाव हो सकता है।

बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे चंद्रपुर विधायक राहत शिविरों में बांटी खाद्य सामग्री

चंद्रपुर। महानदी के बढ़े जलस्तर के चलते नगर पंचायत चंद्रपुर में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। जलभराव से प्रभावित कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रशासन ने प्रभावित लोगों के ठहरने के लिए अग्रसेन भवन, हाईस्कूल और पुराने तहसील भवन में राहत शिविर बनाए हैं।

चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार यादव ने राहत शिविरों का दौरा कर बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने शिविरों में रह रहे लोगों का कुशलक्षेम जाना और बाढ़ के कारण उत्पन्न समस्याओं तथा उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। विधायक ने प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान विधायक की ओर से राहत शिविरों में रह रहे लोगों

के लिए केला, सेव, बिस्कुट सहित अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। उन्होंने प्रशासन से भी प्रभावित परिवारों की जरूरतों पर लगातार नजर रखने और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। राहत शिविरों में भोजन, पेयजल, खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। स्थानीय प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी भी शिविरों में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए स्थानीय स्तर पर भी लोग आगे आ रहे हैं। राहत कार्य में बासु महाराज, आयुष अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, रामेश्वर माली, सागर यादव, लक्की सिंदूर और राजू बरेठ सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

जिंदल फाउंडेशन ने आंखों की जांच करने लगाया कैंप, 453 लोगों को बांटे गए चश्मे

रायगढ़। क्षेत्र के लोगों की आंखों की जांच करने और उन्हें चष्मा आदि की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिंदल पावर के जिंदल फाउंडेशन द्वारा समय समय पर क्षेत्र के गांवों में आंखों की जांच कराने के लिए कैंप लगाया जाता है। इसी क्रम में पिछले सप्ताह भी विभिन्न गांवों में ग्रामीणों की सुविधा के लिए कैंप लगाकर उनकी आंखों की जांच की गई। इस दौरान 552 लोगों की आंखों की जांच हुई जिसमें 453 लोगों में दृष्टि दोश पाया गया। ऐसे लोगों को जिंदल फाउंडेशन द्वारा चश्मा वितरण किया गया।

- मोतियाबिंद के मरीजों का चल रहा सर्वे

जिंदल पावर प्लांट और माइंस प्रभावित गांवों के लोगों को बेहतर

स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में क्षेत्र के गांवों में कैंप लगाए जाते हैं, मोबाइल वैन गांवों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराती है। सामान्य जांच से लेकर किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं की जांच के साथ ही बुजुर्गों और अन्य लोगों की आवश्यकतानुमा फिजियोथैरेपी भी कराई जाती है। जिंदल फाउंडेषन के स्वास्थ्य को आर्डिनेटर नीतू सारस्वत ने बताया कि 18 से 26 सितंबर तक दृष्टि परियोजना के तहत क्षेत्र के गांवों कोलम, औरीमुड़ा, केराखोल, छिर्रामुड़ा, बनई, चारभांठा, नूनदरहा, बरकसपाली आदि गांवों में कैंप लगाया गया। इन कैंपों में डा. शिवलाल साहू द्वारा ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई। जिनका विजन कमजोर मिला और जिन्हें चश्मा की जरूरत थी, ऐसे लोगों को जिंदल फाउंडेशन द्वारा चश्मा भी दिया गया। उन्होंने बताया कि इस साल जिंदल फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र भर में आंखों की जांच कराने के लिए 77 कैंप लगाए जाएंगे। जांच के बाद लोगों को आंखों की सुरक्षा के भी उपाय बताए गए। हेल्थ को आर्डिनेटर नीतू सारस्वत ने बताया कि इसी कड़ी में इन दिनों मोतियाबिंद के मरीजों का भी सर्वे करना प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया चिह्नांकित मोतियाबिंद के मरीजों का आपरेशन दिसंबर में कराया जा सकता है।

बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए चंद्रहासिनी न्यास ने संभाली भोजन व्यवस्था

चंद्रपुर। नगर पंचायत चंद्रपुर में बाढ़ की स्थिति के बीच राहत शिविरों में रह रहे प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए गोपाल महाप्रभु एवं मां चंद्रहासिनी सार्वजनिक न्यास की ओर से भोजन की व्यवस्था की जा रही है। बाढ़ के कारण घरों से विस्थापित होकर अग्रसेन भवन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और पुराने तहसील भवन में बनाए गए राहत शिविरों में रह रहे लोगों को न्यास द्वारा नियमित रूप से भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। न्यास के न्यासी प्रबंधक गोविंद राम अग्रवाल एवं न्यासियों के मार्गदर्शन में प्रतिदिन भोजन तैयार कर शिविरों तक पहुंचाया जा रहा है। इससे राहत शिविरों में रह रहे परिवारों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भोजन के लिए सुविधा मिल रही है। बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में लोगों को अपने घर छोड़कर राहत शिविरों में रहना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में भोजन जैसी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने को स्थानीय स्तर पर राहत कार्य के रूप में देखा जा रहा है। न्यास की ओर से बाढ़ प्रभावितों को नियमित भोजन उपलब्ध कराने का कार्य जारी है।

मिनी आंगनवाड़ी बटाऊपाली में सहायिका भर्ती पर उठने लगा सवाल

कोसीर। सारंगढ़ जिला के कोसीर महिला बाल विकास परियोजना कार्यलय से है मामला इस प्रकार से है मिनी आंगनवाड़ी बटाऊपाली अ मे रिक्त पद हेतु विज्ञापन क्रमांक 88 के तहत 24 नवंबर 2025 तक को आवेदन आमंत्रित किया गया था जिसमे गांव के पढे लिखे योग्यशील दर्जनों अभ्यर्थियों के दारा दर्जनों आवेदन प्रेसित की गई थी जिस पर

गांव का ही एक युवती का सही ग्रेड के अनुसार चयन कर दी गई थी लेकिन कुछ कारणवश चयन शील अभियरथी सुभांगी वारे ने पद नहीं ग्रहण करने की बात की और लिखित मे आवेदन देकर अपने पद से पृथक हो गई तत्पश्चात पुनः पद रिक्त होने से महिला बाल विकास परियोजना कोसीर के दारा फिर से रिक्त पद भरने हेतु 04 जून 2026 को आवेदन आमंत्रित की गई जिस पर फिर से स्थानीय गांव के युवतियों के दारा दर्जनों लोगो के दारा आवेदन प्रेसित की गई और पूरी तरह आश्ववास्त थी की चयन प्रकिया पुरी तरह निष्पक्ष होगी लेकिन इस बार चयन प्रकिया जो हुई वह लोगों को रास नहीं आई अभियरथी ने बताया कि इस बार जो चयन हुई वह बहुत ही गलत तरीके से की गई पढे लिखे योग्य अभियरथी को छोड़ कर कम अंक वाले अभियरथी को सांठगांठ कर चयन कर दी गई।

विश्व रैबीज दिवस पर सेवा संकल्प अभियान के तहत 196 श्वानों का निःशुल्क टीकाकरण

सारंगढ़। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में विश्व रैबीज दिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले के विभिन्न संस्थानों में रैबीज नियंत्रण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के दौरान विकासखण्ड सारंगढ़ में 83, बरमकेला में 61 और बिलाईगढ़ में 52 श्वानों का निःशुल्क टीकाकरण किया गया। इस तरह जिले में कुल 196 श्वानों को रैबीज से बचाव का टीका लगाया गया। टीकाकरण के साथ श्वानों की डिवार्मिंग भी की गई तथा पशुपालकों और आम नागरिकों को रैबीज बीमारी, उसके संक्रमण और बचाव के उपायों के संबंध में जागरूक किया गया। रैबीज एक गंभीर एवं घातक जूनोटिक बीमारी है, जो संक्रमित पशु के काटने या उसकी लार के संपर्क में आने से मनुष्यों में भी फैल सकती है। बीमारी के लक्षण प्रकट होने के बाद यह अत्यंत घातक हो जाती है और मृत्यु की संभावना लगभग निश्चित होती है। ऐसे में रैबीज की रोकथाम के लिए श्वानों का समय पर टीकाकरण महत्वपूर्ण है। पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुपालकों को अपने श्वानों का नियमित टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया। विभाग ने आमजन से अपील की है कि श्वान के काटने की घटना को हल्के में न लें और ऐसी स्थिति में तत्काल स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर चिकित्सकीय सलाह एवं आवश्यक उपचार प्राप्त करें।

ग्रामीणों की समस्याएं डायरी में दर्ज कर अधिकारियों से निराकरण का आग्रह

जशपुरनगर। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवप्रकाश तिवारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क और समीक्षा बैठकों का सिलसिला तेज कर दिया है। इसी क्रम में 19 सितंबर को ग्राम पोरतेंगा, 20 सितंबर को ग्राम पंचायत गम्हरिया और 25 सितंबर को ग्राम पंचायत सिटोंगा में जनसंपर्क एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठकों में उन्होंने ग्रामीणों और किसानों से सीधे संवाद कर स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। श्री तिवारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को अपनी डायरी में दर्ज किया। समस्याओं को उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष और पत्राचार के माध्यम से समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आग्रह किया। उनका कहना है कि पात्र ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने और जिन लोगों के नाम किसी कारणवश छूट गए हैं, उन्हें योजनाओं से जोड़ने के लिए वे संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं। समीक्षा बैठकों में श्री तिवारी ने भाजपा किसान मोर्चा को गांव-गांव तक मजबूत करने पर जोर दिया।



जिंदगी और सिनेमा के अनुभवों को किताब में पिरोएंगे

मुंबई। चर्चित अभिनेता संजय मिश्रा ने अपनी अदाकारी से दर्शकों के बीच अच्छी जगह बनाई है। सपोर्टिंग भूमिकाओं के जरिए भी उन्होंने खूब नाम कमाया है। हाल ही में उन्हें 'भक्षक' में अपने किरदार के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस बीच अभिनेता ने अपनी किताब का ऐलान किया है। अभिनेता संजय ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी किताब को लेकर जानकारी दी है। यह दरअसल, अभिनेता की आत्मकथा होगी। इस आगामी ऑटोबायोग्राफी में वे अपनी जिंदगी और कॅरियर से जुड़ी अनकही कहानियों, संघर्षों, अनुभवों और सीखों को साझा करेंगे। किताब का नाम 'हम सीखते-सीखते रह गए' है।

लाइफ Style

कृति

महिलाओं की सुरक्षा का उठाया मुद्दा

हर साल सितंबर महीने के चौथे रविवार को बेटी दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस खास दिन पर बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने देश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं पर बात की है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक्ट्रेस ने समाज से उन रोजमर्रा की सावधानियों पर सोचने को कहा है, जो महिलाओं को सिर्फ सार्वजनिक जगहों पर सुरक्षित महसूस करने के लिए बरतनी पड़ती हैं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'इस 'बेटी दिवस' पर जरा सोचिए कि आपकी बेटी आपको फोन करके कहे कि मुझे लग रहा है कुछ आदमी मेरा पीछा कर रहे हैं। सोचिए कि वह रात में अकेले घर जा रही है और बार-बार पीछे मुड़कर देख रही है। सोचिए कि घर पहुंचने से पहले ही उसका फोन बंद हो जाता है। अब एक पल रुक कर इस बारे में सोचिए।' कृति ने आगे बताया कि सुरक्षा के लिए महिलाएं रोजमर्रा की जिंदगी में कितनी चीजें करने को मजबूर हैं। एक्ट्रेस ने पोस्ट में आगे लिखा, 'लाइव लोकेशन शेयर करने से लेकर, पेपर स्प्रे रखने तक, पैदल जाने के बजाय कैब बुक या सुरक्षित महसूस करने के लिए किसी को फोन करने तक। हमने उसकी जिंदगी को ऐसा बना दिया है कि ये सब उसकी रोजमर्रा की आदत का हिस्सा बन गया है।' एक्ट्रेस ने पोस्ट में आगे लिखा, 'जिस दिन कोई बेटी रात में अकेले घर जा सके, अंधेरा होने के बाद पार्क में बैठ सके, अपनी मर्जी के कपड़े पहन सके, बिना डरे पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल कर सके या बिना हमले के डर के किसी सार्वजनिक जगह पर रह सके।

हॉलीवुड मसाला

फ्रेड एस्टेयर बायोपिक में

दो बड़ी एंट्री

लॉस एंजिल्स। सोनी पिक्चर्स की अपकमिंग फ्रेड एस्टेयर बायोपिक में अब 'द सब्सटेंस' स्टार मार्गरिट क्वाली और ग्रैमी विजेता सबरीना कारपेंटर की भी एंट्री हो गई है। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। फिल्म में टॉम हॉलैंड फ्रेड एस्टेयर का किरदार निभाएंगे। वहीं, मार्गरिट क्वाली उनकी बहन और शुरुआती डांस पार्टनर एडेल एस्टेयर की भूमिका में नजर आएंगी। सबरीना कारपेंटर फिल्म में फ्रेड एस्टेयर की मशहूर ऑन-स्क्रीन डांस पार्टनर जिंजर रोजर्स का किरदार निभाएंगी।

अवेंजर्स एंडगेम एनकोर का धमाका

मुंबई। मार्वल की फिल्म 'अवेंजर्स एंडगेम' 7 साल बाद फिर से 'अवेंजर्स एंडगेम एनकोर' नाम से सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म ने री-रिलीज होने के बाद एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका कर दिया है। फैंस में इसका जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। पहले दिन जहां इसने 7.25 करोड़ का कलेक्शन किया था, वहीं, दूसरे दूसरे दिन इसने 5.92 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म ने दो दिनों में कुल 13.17 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। वहीं, 'हनुमान अंश' को रिलीज हुए कुछ दिनों में दो महीने हो जाएंगे और फिल्म अब भी शानदार कमाई कर रही है। 'मिर्जापुर द मूवी' की कमाई में गिरावट देखने को मिली है। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु की फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' को रिलीज हुए 23 दिन हो गए हैं। अब इसकी कमाई धीमी होती नजर आ रही है।

नए पोस्टर में दिखी राम-सीता

लक्ष्मण की झलक

मुंबई। 'रामायण' के मेकर्स ने फिल्म के दो पोस्टर जारी किए हैं। एक में राम, सीता और लक्ष्मण नजर आए हैं। दूसरे में रावण दिख रहे हैं। पोस्टर काफी खास हैं। हैं। राम के रूप में रणबीर कपूर बेहद शांत, संयमित और साहसी नजर आ रहे हैं। उनके व्यक्तित्व में सहज गरिमा और राजसी आभा दिखाई देती है। वहीं, सीता के रूप में साई पल्लवी अपनी गरिमा, मासूमियत, भक्ति, धैर्य और निडरता से प्रभावित करती हैं। लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे निष्ठा, प्रेम और अपने भाई के प्रति समर्पण भाव लिए नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने इस फिल्म का एक दूसरा पोस्टर भी रिलीज किया है। इस पोस्टर में रावण के रूप यश को दिखाया गया है। पोस्टर में देखा जा सकता है कि रावण के रूप में यश अपनी लंका में खड़े हैं। मुकुट पहने यश काफी गुस्से में नजर आ रहे हैं।

वानर सेना के चश्मा पहनने

पर उड़ा मजाक

नई दिल्ली। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' के एक प्रमोशनल पोस्टर ने ऑनलाइन खूब चर्चा छेड़ दी है। दर्शकों ने सुग्रीव को चश्मा पहने देखा, जिसके बाद त्रेता युग में वानर सेना के इस लुक को लेकर मजाक बनने लगे और फिल्म के प्रोडक्शन की क्वालिटी पर भी सवाल उठने लगे। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' के थिएटर में रिलीज होने के बाद इसने लोगों का काफी ध्यान खींचा है। फिल्म के प्रोडक्शन और विजुअल इफेक्ट्स पर दर्शक चर्चा कर रहे हैं। हाल ही में रिलीज एक प्रमोशनल पोस्टर को लेकर यह चर्चा और तेज हो गई है, क्योंकि, बारीकी से देखने वाले दर्शकों की नजर एक वानर सेना के किरदार पर पड़ी, जिसने आधुनिक चश्मा पहना हुआ था। सोशल मीडिया पर 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' के प्रमोशनल पोस्टर वायरल हो रहे हैं।

टीवी मसाला

केबीसी 18 : 'हमारे घर आता तो उसको गोली मार देते'

नई दिल्ली। 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के हालिया एपिसोड में एक्टर राजकुमार राव और वामिका गब्बी के साथ पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्ज्वल निकम भी नजर आए। दरअसल, यह सभी अपनी आने वाली फिल्म 'प्रहार- द अनटोल्ड स्टोरी' को प्रमोट करने आए थे, जो उज्ज्वल की ही बायोपिक है। शो में अमिताभ बच्चन से बात करते हुए उज्ज्वल निकम ने दावा करते हुए बताया कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले केस की सुनवाई के दौरान अजमल कसाब ने उनसे कहा था कि वो मुंबई में अमिताभ बच्चन से मिलने आया था। उज्ज्वल निकम की यह बात सुनकर शो के होस्ट बिग बी चौंक गए। शो के दौरान अमिताभ बच्चन ने 26/11 केस को लेकर उज्ज्वल निकम से काफी सारे सवाल किए। अभिनेता ने पूछा कि कसाब को फांसी देने में चार साल का वक्त क्यों लगा। उसे तो वहीं गाड़ देना चाहिए था, इसमें इतना टाइम क्यों लगा। इस पर उज्ज्वल ने कोर्ट के नियमों और कानूनी प्रक्रिया के बारे में बताया। निकम ने आगे बताया कि कसाब ने कथित तौर पर उनसे कहा था कि वह अमिताभ बच्चन से मिलने मुंबई आया था। निकम ने कहा, 'आपको ताज्जुब होगा जो उसने आगे कहा था कि मैं तो अमिताभ जी को देखने आया था। ये सच में हुआ है।' निकम की बात सुनकर अमिताभ बच्चन चौंक गए। बिग बी ने कहा, 'नहीं नहीं सर, अगर वो आया होता, तो हमारे घर से जाने वाला नहीं था। वहीं, हम गोली मार देते उसे।' फिर निकम ने आगे ट्रायल में देरी का कारण भी बताया। उन्होंने कहा कि कानून किसी आरोपी को तब तक बेगुनाह मानता है, जब तक वह दोषी साबित न हो जाए और उन्हें अपना बचाव करने का अधिकार देता है।

स्वरा -शहजाद में जमकर हुआ जुबानी जंग

नई दिल्ली। क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग द्वारा होस्टेड रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' को शुरू हुए अभी एक दिन ही हुआ है और कंटेस्टेंट्स के बीच

झगड़े अभी से शुरू हो गए हैं। हाल ही में शो का एक वीडियो सामने आया, जिसमें स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला आपस में जुबानी जंग करते हुए नजर आए। सिर्फ इतना ही नहीं, बातों ही बातों में उन्होंने स्वरा के पति फहाद का भी जिक्र किया और उन पर तंज कसा। शो का एक प्रोमो सामने आया है, जिसमें होस्ट वीरेंद्र सहवाग कंटेस्टेंट शहजाद से कहते हैं कि सोशल मीडिया पर तो आपने बहुत बातें की हैं। अब वो (स्वरा) जब अंदर आई हैं, तो आपने बात ही नहीं की। आवाज बैठ गई है क्या। इस पर शहजाद ने कहा, 'मेरा स्वर दबाने वाला अभी तक कोई माई का लाल पैदा नहीं हुआ।'

द पैराडाइस ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर रचा इतिहास

नानी की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द पैराडाइज' ने 24 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। पहले दिन धांसू ओपनिंग के बाद फिल्म ने दूसरे दिन आधी से भी कम कमाई की थी, लेकिन तीसरे दिन इसने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई की है।

नई दिल्ली। सैकनिल्क के मुताबिक, 24 सितंबर को रिलीज हुई 'द पैराडाइज' ने एक दिन पहले यानी 23 सितंबर को पेड़ प्रीव्यू में 11.6 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसके बाद पहले दिन 34.65 करोड़ रुपए की धांसू ओपनिंग की। हालांकि, दूसरे दिन यानी शुक्रवार को इसकी कमाई में गिरावट आई, लेकिन शनिवार को फिल्म ने 15.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इस कमाई के साथ यह फिल्म नानी के कॅरियर की कमर्शियली सबसे सफल बन गई है। फिल्म ने दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करते हुए 117.75 करोड़ रुपए का रिकॉर्डतोड़ कलेक्शन किया है। जिसमें 27.25 करोड़ रुपए का टोटल ओवरसीज कलेक्शन शामिल है। घरेलू बॉक्स ऑफिस की बात करें तो फिल्म ने तीसरे दिन की कमाई के साथ 76.40 करोड़ रुपए का नेट इंडिया कलेक्शन और 90.50 करोड़ रुपए का ग्रॉस इंडिया कलेक्शन किया है। तीसरे

दिन फिल्म की सबसे ज्यादा कमाई तेलुगु में 13.35 करोड़ रुपए हुई है, इसके बाद हिंदी में 1.65 करोड़ रुपए और तमिल में 0.25 करोड़ रुपए हुई है। 'द पैराडाइज' एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसे श्रीकांत ओडेला ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में नानी, मोहन बाबू, कयादु लोहार, सोनाली कुलकर्णी और राघव जुयाल अहम किरदारों में हैं। इसमें नानी 1980 के दशक के सिकंदराबाद में एक संघर्षरत जनजाति के नेता की भूमिका निभाते हैं, जो भेदभाव का सामना करते हुए नागरिकता के लिए लड़ते हैं।

सौम्या के हाथ लगी बड़जात्या की फिल्म, शेयर किया इमोशनल नोट

मुंबई। 'भाभी जी घर पर हैं' की गोरी मेम उर्फ सौम्या टंडन पिछले दिनों रणवीर सिंह स्टारर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर धुरंधर के बाद अब सूरज बड़जात्या की फिल्म में नजर आएंगी। इस अपकमिंग फिल्म को लेकर सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया के जरिए खुशी जाहिर की है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' में सौम्या टंडन ने अपने अभिनय के लिए खूब सुर्खियां बटोरीं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर में सौम्या टंडन ने अक्षय खन्ना अभिनीत रहमान डकैत की पत्नी उल्फत का किरदार निभाया था, जिसमें उन्हें काफी पसंद किया गया। 'धुरंधर' के बाद अब सौम्या टंडन एक नई फिल्म की तैयारी में जुट गई हैं। अब सूरज बड़जात्या की अपकमिंग फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में नजर आएंगी, जिसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ लीड रोल में हैं। हाल ही में इस फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने सूरज बड़जात्या का आभार जताया है। सौम्या टंडन ने अपनी अपकमिंग फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह सूरज बड़जात्या और 'ये प्रेम मोल लिया' के अन्य स्टार कास्ट के साथ नजर आ रही हैं। तस्वीरों में सौम्या गुलाबी रंग की साड़ी और खूबसूरत ज्वेलरी और

मेकअप में नजर आ रही हैं, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सौम्या ने फिल्म का एक पोस्टर भी शेयर किया है, जिसमें उनके साथ शरवरी वाघ, आयुष्मान खुराना, सुप्रिया पाठक, अनुपम खेर और अन्य कलाकार नजर आ रहे हैं। सौम्या टंडन ने ये तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'सूरज बड़जात्या सर के निर्देशन में काम करना किसी भी एक्टर का सपना होता है। यह अब तक का सबसे खुशनुमा सेट रहा है। ये प्रेम मोल लिया के सेट पर बिताए हर पल को मैं हमेशा याद रखूंगी। मेरा सच में मानना है कि स्क्रीन पर जो सच्चा प्यार दिखता है, वह असल में उसके पीछे मौजूद सच्चे प्यार से ही आता है।

इन दिग्गजों की कहानी पर दांव खेलेंगे मेकर्स

असली दिग्गजों की कहानी बॉलीवुड के लिए बना हिट का नया फार्मूला

नई दिल्ली। साल 2026 के आखिर और 2027 में कई बायोपिक फिल्में मेकर्स लेकर आने वाले हैं। ऐसे में क्या अब असली दिग्गजों की कहानी बॉलीवुड के लिए हिट का नया फार्मूला बन गया है। हिंदी सिनेमा का इतिहास सिर्फ फिल्मों की कहानियों का इतिहास नहीं है, बल्कि बदलती पसंद और बदलते सिनेमाई ट्रेंड का भी इतिहास है। एक दौर था जब बड़े पर्दे पर प्रेम कहानियों का जादू चलता था। हीरो-हीरोइन, प्यार, जुदाई और मिलन... यही फॉर्मूला दर्शकों को थिएटर तक खींच लाता था। फिर समय बदला और बॉलीवुड ने कॉमेडी को अपनाया। एक के बाद एक कॉमेडी फिल्मों ने दर्शकों को हंसाया और बॉक्स ऑफिस पर अपनी जगह बनाई। इसके बाद हॉरर और हॉरर-कॉमेडी का दौर आया, जब भूत-प्रेत और डर के साथ हंसी का तड़का भी दर्शकों को पसंद आने लगा। फिर आया एक्शन का दौर। बड़े सितारे, बड़े हथियार, बड़े सेट, हाई-ऑक्टेन एक्शन और करोड़ों का बजट... बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्में इसी फॉर्मूले पर बनने लगीं। इन सबके बीच मेकर्स कुछ बायोपिक फिल्में भी लेकर आए, जिनमें से कुछ हिट हुईं तो कुछ फ्लॉप। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि हिंदी सिनेमा का बायोपिक वाला दौर फिर दस्तक दे रहा है। दरअसल, साल 2026 में जिस तरह नीम करोली बाबा के जीवन पर बनी 'हनुमान अंश' हिट हुई और चंदू चैंपियन को नेशनल अवॉर्ड मिला। ऐसे में मेकर्स का झुकाव बायोपिक की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। सिर्फ इतना ही नहीं, 2027 में भी कई बड़े बायोपिक प्रोजेक्ट लाइन में हैं, उससे यह सवाल जरूर उठता है कि क्या बॉलीवुड अब काल्पनिक कहानियों से ज्यादा वास्तविक जिंदगी के किरदारों में नया ड्रामा तलाश रहा है।

ईठा : श्रद्धा कपूर की 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लावणी और तमाशा कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं और इसकी रिलीज 4 दिसंबर, 2026 है। यह फिल्म इसलिए भी दिलचस्प है, क्योंकि इसमें बॉलीवुड किसी क्रिकेटर या फिल्म स्टार के बजाय लोक कला से जुड़ी एक महिला कलाकार की कहानी को केंद्र में ला रहा है।

प्रहार : राजकुमार राव 'प्रहार में मशहूर विशेष सरकारी वकील उज्ज्वल निकम का किरदार निभा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म एक कोर्टरूम ड्रामा है और इसमें उनके महत्वपूर्ण कानूनी मामलों को कहानी का हिस्सा बनाया गया है। फिल्म 16 अक्टूबर, 2026 को रिलीज होने वाली

है। यहां बॉलीवुड को क्रिकेट या फिल्म इंडस्ट्री से बाहर की कहानी मिलती है। कानून, अपराध, अदालत और एक ऐसे व्यक्ति की जिंदगी जिसने देश के चर्चित मामलों में पैरवी की।

वी. शांताराम की कहानी : 2026 की सबसे दिलचस्प बायोपिक में 'वी. शांताराम' भी शामिल है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी 'शांताराम' की भूमिका निभा रहे हैं और तमन्ना भाटिया भी अहम किरदार में हैं। शांताराम भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्ममेकर, समाज सुधारक और कलाकार थे।

वाइट : बायोपिक का यह नया दौर सिर्फ मनोरंजन की दुनिया तक सीमित नहीं है। 'वाइट' नाम की फिल्म श्री श्री रविशंकर की जिंदगी पर आधारित बताई जा रही है, जिसमें विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं।

2027 में और बड़ा होगा खेल?

राजकुमार राव की 'दादा' इस ट्रेंड की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फिल्म में वह भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का पहला लुक 2002 के लॉर्ड्स के मशहूर शर्टलेस सेलिब्रेशन को रीक्रिएट करता है और फिल्म 14 मई, 2027 को रिलीज होने की घोषणा की गई है। क्रिकेट बायोपिक बॉलीवुड के लिए नई नहीं है, लेकिन गांगुली की कहानी में भारतीय क्रिकेट के एक महत्वपूर्ण दौर, कप्तानी और उनके व्यक्तित्व को बड़े पर्दे पर देखने की उत्सुकता है।

धनुष और एपीजे अब्दुल कलाम

पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जिंदगी भी पर्दे पर आने वाली है और इसमें धनुष के मुख्य भूमिका निभाने की खबरें सामने आई हैं। यह उन फिल्मों में है जो बायोपिक के दायरे को विज्ञान, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण जैसी कहानियों तक ले जाती हैं।

ऋषभ शेट्टी की 'द प्राइड ऑफ भारत': 2027 की लिस्ट में 'द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज' भी शामिल है, जिसमें ऋषभ शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। ऐतिहासिक व्यक्तित्वों पर बनने वाली ऐसी फिल्मों में बायोपिक और पीरियड एपिक का मेल दिखाई देता है। यानी वास्तविक व्यक्ति की जिंदगी को बड़े सिनेमाई स्केल पर पेश करना।

अभी तक बन चुकी हैं ये बायोपिक फिल्में

- दंगल
- भाग मिल्खा भाग
- पान सिंह तोमर
- मैरी कॉम
- एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी
- गुंजन सक्सेना
- सुपर 30
- सरबजीत
- संजू
- अजहर

खबर संक्षेप

जागृति अभियानः 84 स्थानों पर पहुंची पुलिस

कटेली। सारंगढ़ जिले में 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे साइबर जागृति अभियान के तहत नागरिकों को ऑनलाइन ठगी से बचने और डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। अभियान के छठे सप्ताह 20 से 26 सितंबर के दौरान पुलिस ने मुख्य रूप से तीन तरह के साइबर अपराधों से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक किया। इनमें फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर ठगी, सरकारी अधिकारी बनकर फ्रॉड और निजी जानकारी को ऑनलाइन सुरक्षित रखने के उपाय शामिल रहे। इस दौरान जिले के थानों, पुलिस चौकियों, स्कूल-कॉलेजों और हाट-बाजारों में कुल 84 जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में 5931 से अधिक लोगों को साइबर ठगी के नए तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साइबर ठग अक्सर किसी परिचित व्यक्ति की फोटो और नाम का इस्तेमाल कर नकली सोशल मीडिया प्रोफाइल बना लेते हैं। इसके बाद वे उसके दोस्तों और रिश्तेदारों को इमरजेंसी का हवाला देकर पैसे मांगते हैं। यही वजह है कि पुलिस ने लोगों को ऐसे ठगों से सतर्क रहने की और अपनी निजी जानकारियां सोशल मीडियों में साझा नहीं करने की अपील की है। पुलिस ने बताया कि साइबर ठग किसी परिचित की फोटो और नाम का इस्तेमाल कर नकली सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाते हैं। इसके बाद उनके दोस्तों या रिश्तेदारों को इमरजेंसी का हवाला देकर पैसे भेजने के लिए कहा जाता है। ठग सरकारी विभाग या अधिकारी के नाम से फर्जी आईडी बनाकर जुर्माने या कानूनी कार्रवाई का डर दिखाते हैं। ऐसी स्थिति में पैसे भेजने से पहले संबंधित व्यक्ति को सीधे फोन कर वास्तविकता की पुष्टि करनी चाहिए।

राहत शिविर बनाकर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था की गई

वित्त मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरा कर लिया स्थिति का जायजा

सरिया। महानदी में जलस्तर बढ़ने से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सरिया तहसील क्षेत्र के कई तटीय गांव प्रभावित हुए हैं। बाढ़ का पानी घरों और खेतों तक पहुंचने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर सड़क संपर्क भी प्रभावित हुआ। प्रशासन ने राहत शिविर बनाकर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था की है। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी सोमवार की सुबह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले सरिया स्थित कन्या शाला में बनाए गए राहत शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और बाढ़ की स्थिति तथा राहत व्यवस्था की जानकारी ली। ग्रामीणों ने आवास सहित अपनी विभिन्न समस्याएं उनके सामने रखीं। इसके बाद मंत्री ग्राम बोरिदा पहुंचे। यहां से राहत एवं बचाव दल के साथ नाव से जलमग्न ग्राम ठेंगा गुड़ी पहुंचकर उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों से बातचीत की। बाद में ग्राम तोरा पहुंचकर बाढ़ और जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य जारी रखने के निर्देश दिए। बता दें कि 27 सितंबर की सुबह से महानदी का जलस्तर बढ़ना शुरू हुआ और शाम तक कई गांवों में पानी पहुंच गया।

फसल नुकसान की चिंता

बाढ़ से किसानों की सब्जी और अन्य नगदी फसलों को नुकसान पहुंचने की बात कही जा रही है। कई खेतों में धान की फसल भी पानी में डूब गई है। किसानों का कहना है कि धान में बालियां आने का समय होने के कारण लंबे समय तक पानी रहने से उत्पादन प्रभावित हो सकता है। कुछ किसानों ने लागत राशि निकलने को लेकर भी चिंता जताई है। हालांकि फसल नुकसान का वास्तविक आंकड़ा पानी उतरने के बाद संबंधित विभागों के सर्वे से स्पष्ट होगा।

राहत कार्य जारी

प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविर लगाए गए हैं। जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमला भी प्रभावित गांवों का जायजा ले रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने भी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों से सहयोग बनाए रखने की अपील की। स्थानीय जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर से महानदी का जलस्तर कम होने लगा था। इससे ग्रामीणों को राहत की उम्मीद है। प्रशासन की प्राथमिकता फिलहाल प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, राहत सामग्री की उपलब्धता और आवागमन बहाल करने पर है। पानी पूरी तरह उतरने के बाद मकानों और फसलों को हुए नुकसान का आकलन किया जाएगा।

युवक की मिली थी लाश, 10 दिन बाद भी आरोपी का पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मालखरौदा थाना अंतर्गत पुलिस चौकी अड़भार क्षेत्र के ग्राम हरदी में नहर के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। घटना के 10 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अभी तक हत्यारों का सुराग नहीं लगा पाई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 15 सितंबर को ग्राम हरदी नहर के पास एक युवक की लाश मिली थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया था। युवक की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला किए जाने के गंभीर निशान पाए गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत फॉरेंसिक टीम का गठन कर मामले की विवेचना शुरू कर दी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए मालखरौदा अस्पताल के मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया गया। युवक की शिनाख्त के लिए पुलिस ने पंपलेट और पोस्टरों के माध्यम से आसपास के इलाकों में जानकारी प्रसारित की। इसके बाद सोशल मीडिया के जरिए मृतक की पहचान हरिशंकर पिता रामभरोस बंजारा, विासी ग्राम सरवानी के रूप में हुई। व्हाट्सएप पर प्रसारित तस्वीर देखकर उसकी दीदी और जीजा निवासी झालरौंदा, बाराद्वार थाना क्षेत्र) मालखरौदा पहुंचे और शव की शिनाख्त की। इधर मालखरौदा थाना प्रभारी वंशनारायण शर्मा का कहना है कि मामले की जांच सभी संभावित एंगल से की जा रही है, हालांकि अभी तक हत्यारे का पता नहीं चल पाया है। जांच की जा रही है।

राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

वोटर सूची और चुनावी पारदर्शिता के मुद्दे पर कांग्रेस का प्रदर्शन, बैरिकेडिंग कर रोके गए कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वोट चोरी की आरोप लगाते हुए और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर सोमवार को जिला और युथ कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इतवारी बाजार स्थित सिंदुर पार्क से कलेक्ट्रेट घेराव के लिए निकले। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी और शाखा यादव ने किया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े। उग्र प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने रास्ते में बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था की थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहली बैरिकेडिंग पार कर ली, लेकिन आगे पुलिस की दूसरी बैरिकेडिंग पर उन्हें रोक दिया गया। इसके बाद कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग उठाई। इस दौरान कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन किया। इस दौरान वोट चोर, गद्दी छोड़ सहित अन्य नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शाखा यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार बनाने के लिए चुनाव प्रक्रिया में कथित तौर पर 'सेटिंग' की जा रही है। उन्होंने ईव्हीएम और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठाए। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें निर्वाचन प्रक्रिया की स्वतंत्र एवं पारदर्शी समीक्षा कराने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग शामिल रही। कांग्रेस का कहना है कि मतदाता सूची में बदलाव और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक जानकारी के अनुसार ज्ञानेश कुमार ने 19 फरवरी 2025 को भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला था। गौरतलब है कि रायगढ़ में 28 सितंबर के इस विरोध मार्च की घोषणा कांग्रेस ने पहले ही कर दी थी और इसे मतदाता सूची तथा निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित बताया था। कांग्रेस लगातार इन मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष पर हमलावर है और इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग भी कर रही है।

सीएसईबी जल्द बनाने जा रहा नया सब स्टेशन

चांपा। शहर में हो रही अघोषित बिजली कटौती को मद्देनजर और बिजली आपूर्ति की समस्या से निजात के लिए शहर में सीएसईबी द्वारा एक अच्छी पहल किया गया हैं। शहर के गांधी भवन समीप सीएसईबी द्वारा सब स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा जिससे शहर में हो रही अघोषित बिजली की समस्या से शहर वाशियो को निजात मिलेगी। कई दशकों से हनुमान धारा वार्ड से चांपा और संजय नगर आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति हनुमान धारा के सब स्टेशन से होती है। विद्युत विभाग चांपा को गांधी भवन के पास जमीन आबंटित करने की प्रक्रिया चल रही थी। इस वर्ष मार्च में सीएसईबी चांपा को भूमि आबंटित कर पंचनामा रिपोर्ट सौंप दिया गया है। वर्षा ऋतु के बाद सीएसईबी चांपा नए सब स्टेशन निर्माण के काम में लग जाएगी। इसकी टेंडर की प्रक्रिया अभी चल रही है ।सीएसईबी चांपा के अधिकारी का कथन लेने के बाद ऐसा लग रहा 2026 के अंत तक चांपा के लोगों को विद्युत आपूर्ति समस्या का समाधान मिल जाएगा।